भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 324**

02 दिसम्बर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादन**

**324. श्रीमती डिम्पल यादवः**
**सुश्री इकरा चौधरीः**
**श्री देवेश शाक्यः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2012-13 से 2024-25 तक उत्तर प्रदेश में जिला-वार उत्पादित गन्ने की वार्षिक उपज का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश में कुल कितने गन्ना किसान हैं और आय के स्रोतों- जैसे चीनी मिलों को आपूर्ति और गुड़ उत्पादन के आधार पर उनकी औसत आय जिला-वार कितनी है; -

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को देय कुल बकाया राशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पाँच वर्षों में कम उत्पादन या घटती पैदावार के कारण कितनी चीनी मिलें बंद हुई हैं;

(ङ) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश में 'लाल सड़न रोग' और बाढ़ के कारण गन्ने की फसल को हुए नुकसान की जानकारी है; और

(च) यदि हाँ, तो इस रोग को नियंत्रित करने और फसल के नुकसान की भरपाई के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): वर्ष 2012-13 से 2023-24 तक उत्तर प्रदेश में जिला-वार उत्पादित गन्ने की उपज का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): राज्य सरकार (चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 47.34 लाख गन्ना उत्पादक किसान हैं। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के अनुसार, गन्ने की खेती से उनकी शुद्ध आय लागत सी2 (वास्तविक भुगतान व्यय + पट्टे पर ली गई भूमि का किराया + पारिवारिक श्रम + स्वयं की भूमि पर

आरोपित किराया और ब्याज + अचल संपत्ति) के आधार पर 53,530 रूपए प्रति हेक्टेयर और लागत ए1 (वास्तविक भुगतान व्यय) के आधार पर 1,55,949 रूपए प्रति हेक्टेयर है।

(ग): राज्य की चीनी मिलों द्वारा क्रसिंग सीजन 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के लिए गन्ना मूल्य भुगतान पहले ही किया जा चुका है। क्रसिंग सीजन 2023-24 एवं 2024-25 के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का चीनी मिलवार एवं जिला-वार विवरण, **अनुबंध II** में दिया गया है।

(घ): पिछले 5 वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश राज्य में केवल 2 चीनी मिलें, नामत: कप्तानगंज (कुशीनगर) और साथा (अलीगढ़) गन्ने की अनुपलब्धता के कारण बंद रहीं।

(ड.): वर्तमान क्रसिंग सीजन में केवल 6372 हेक्टेयर क्षेत्र लाल सड़न रोग से प्रभावित हुआ है तथा 71,285 हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ एवं जलभराव से प्रभावित हुआ है।

(च): लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ना किस्म Co.0238 से बचाव हेतु, लाल सड़न रोग से प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट करने, प्रभावित क्षेत्र की मिट्टी को फफूंदनाशक हेक्सास्टॉप आदि रसायनों के घोल से उपचारित करने, स्वस्थ बीजों का प्रयोग, बीजोपचार तथा फसल चक्र अपनाने जैसे निवारक उपाय लागू किए गए हैं। रोगों के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु, वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा समय-समय पर फसल निरीक्षण एवं आवश्यक परामर्श जारी किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, गन्ना किस्म Co.0238 के चरणबद्ध प्रतिस्थापन हेतु, उत्तर प्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद, शाहजहाँपुर; भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ; और गन्ना प्रजनन संस्थान, करनाल द्वारा विकसित किस्मों - अर्थात् CoSha 13235, CoSha 17231, CoSha 18231, CoLk 14201, CoLk 16202, CoLk 15466, Co 15023, Co 0118, CoSha 19231, और CoSe 17451 - को रोग-प्रवण किस्म के प्रतिस्थापन और संतुलन हेतु बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले चार वर्षों के दौरान, प्रभावित किस्म Co.0238 के 12.38 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को पहले ही अन्य किस्मों से प्रतिस्थापित किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त, बाढ़ और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए, अपर मुख्य सचिव स्तर पर उच्च-स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा की गई और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा परामर्श जारी करने के लिए फील्ड स्तर के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और चीनी मिल कर्मचारियों की टीमें गठित की गईं। प्रभावित क्षेत्रों में 38,359 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में 391 ड्रोनों का उपयोग करके कीटनाशकों का छिड़काव किया गया।

अनुबंध ।

## वर्ष 2012-13 से 2023-24 तक उत्तर प्रदेश में गन्ने की जिला-वार उपज

स्रोत: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

उपज किलोग्राम/हेक्टेयर में

| क्र.सं. | जिला | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 45354 | 47992 | 42110 | 46705 | 53601 | 56684 | 54863 | 65803 | - | - | - | - |
| 2 | अलीगढ | 61568 | 60928 | 59876 | 61644 | 67224 | 74384 | 79432 | 80756 | 81802 | 80205 | 82941 | 83226 |
| 3 | अंबेडकरनगर | 62293 | 61828 | 62452 | 61343 | 68626 | 74263 | 76678 | 74500 | 74803 | 94216 | 80097 | 76438 |
| 4 | अमेठी | 62293 | 61828 | 62452 | 61343 | 68626 | 74263 | 76678 | 75309 | - | - | - | - |
| 5 | अमरोहा | 64248 | 69676 | 70536 | 71032 | 74024 | 85264 | 84252 | 82336 | 82881 | 83823 | 83113 | 82639 |
| 6 | औरैया | 60705 | 59593 | 57613 | 57837 | 60367 | 64697 | 65512 | 64557 | - | - | - | - |
| 7 | अयोध्या | 63908 | 65976 | 66400 | 65908 | 70264 | 76956 | 76332 | 76532 | 77426 | 77506 | 77544 | 78856 |
| 8 | आजमगढ़ | 58100 | 57532 | 61608 | 59464 | 60676 | 60964 | 62756 | 63000 | 61428 | 62278 | 66095 | 71773 |
| 9 | बागपत | 73464 | 77304 | 73556 | 77032 | 77132 | 84888 | 86640 | 85352 | 87254 | 87422 | 89401 | - |
| 10 | बहराईच | 53936 | 55968 | 57692 | 58864 | 65560 | 71316 | 74032 | 76020 | 76276 | 76506 | 78269 | 78737 |
| 11 | बलिया | 48028 | 52008 | 52064 | 57844 | 65808 | 54968 | 53528 | 53132 | 60710 | 62211 | 65018 | 67279 |
| 12 | बलरामपुर | 50440 | 48284 | 51172 | 53772 | 54168 | 65864 | 67400 | 67920 | 65337 | 65452 | 65938 | 67084 |
| 13 | बाँदा | 37154 | 44668 | 40445 | 36684 | 42953 | 38332 | 39002 | 39771 | - | - | - | - |
| 14 | बाराबंकी | 60312 | 61236 | 57944 | 60200 | 70368 | 79476 | 81992 | 82116 | 82425 | 80686 | 81981 | 82296 |
| 15 | बरेली | 62648 | 61560 | 61688 | 62580 | 69148 | 80092 | 74740 | 76888 | 77183 | 77989 | 80108 | 77511 |
| 16 | बस्ती | 60344 | 61564 | 62720 | 61264 | 65348 | 66072 | 69172 | 62056 | 64487 | 64958 | 69059 | 69781 |
| 17 | भदोही | 54244 | 63753 | 65781 | 67032 | 72667 | 79245 | 80808 | 81313 | - | - | - | - |
| 18 | बिजनौर | 58472 | 59932 | 65744 | 68656 | 78404 | 83396 | 85952 | 86492 | 87530 | 88549 | 90032 | 89491 |
| 19 | बदायूं | 58016 | 61300 | 59004 | 66356 | 69388 | 73036 | 72428 | 69752 | 77744 | 78253 | 81999 | 82468 |
| 20 | बुलन्दशहर | 60964 | 65372 | 63052 | 66172 | 77052 | 83652 | 89632 | 87672 | 88231 | 88465 | 90186 | 90337 |
| 21 | चंदौली | 51544 | 55083 | 57521 | 58497 | 61453 | 64522 | 65983 | 57010 | - | - | - | - |
| 22 | चित्रकूट | 37152 | 44668 | 40444 | 36688 | 42954 | 38332 | 39000 | 39769 | - | - | - | - |

| क्र.सं. | जिला | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | देवरिया | 59280 | 56580 | 63116 | 60904 | 62600 | 64624 | 73668 | 74876 | 65074 | 66200 | 67541 | 67598 |
| 24 | एटा | 60398 | 61467 | 57399 | 61289 | 65167 | 70761 | 71943 | 72536 | 75545 | 79387 | - | - |
| 25 | इटावा | 60703 | 59592 | 57613 | 57838 | 60368 | 64697 | 65510 | 64557 | - | - | - | - |
| 26 | फर्रुखाबाद | 62728 | 61716 | 60692 | 60508 | 62220 | 65372 | 66392 | 64816 | 65645 | 68768 | 70344 | 77424 |
| 27 | फ़तेहपुर | 61137 | 68229 | 65781 | 67032 | 72667 | 36728 | 38402 | 81313 | - | - | - | - |
| 28 | फिरोजाबाद | 45355 | 47994 | 42111 | 46706 | 53587 | 56679 | 54861 | 65804 | - | - | - | - |
| 29 | गौतमबुद्धनगर | 67193 | 70679 | 73199 | 75141 | 79927 | 89098 | 89204 | 88084 | - | - | - | - |
| 30 | गाजियाबाद | 64236 | 69140 | 67356 | 75880 | 78448 | 88816 | 85208 | 85424 | 87876 | 88331 | 90560 | 89795 |
| 31 | गाजीपुर | 46124 | 48576 | 54720 | 56924 | 57076 | 61916 | 61432 | 53728 | 59170 | 62859 | 63045 | 63376 |
| 32 | गोंडा | 59344 | 57708 | 51468 | 54488 | 60444 | 70028 | 74864 | 76416 | 76911 | 77411 | 78724 | 79591 |
| 33 | गोरखपुर | 64752 | 62556 | 61468 | 53112 | 61128 | 65052 | 71836 | 71564 | 60218 | 60355 | 68411 | 70584 |
| 34 | हमीरपुर | 37154 | 44669 | 40445 | 36685 | 42953 | 38332 | 39001 | 39770 | - | - | - | - |
| 35 | हापुड | 62500 | 65184 | 70328 | 67656 | 78564 | 83312 | 83624 | 84408 | 84685 | 83041 | 85109 | 86035 |
| 36 | हरदोई | 61676 | 58092 | 60116 | 62456 | 69000 | 75532 | 78320 | 78428 | 79324 | 79975 | 81967 | 82552 |
| 37 | हाथरस | 60400 | 61469 | 57397 | 61286 | 65164 | 74265 | 79268 | 80490 | - | - | - | - |
| 38 | जालौन | 37154 | 40158 | 40432 | 34426 | 38042 | 39439 | 37136 | 36755 | - | - | - | - |
| 39 | जौनपुर | 55860 | 57364 | 57260 | 57352 | 63120 | 65872 | 69440 | 62460 | 65552 | 61252 | 65327 | 67930 |
| 40 | झांसी | 37154 | 40159 | 40430 | 34425 | 38035 | 39442 | 37138 | 36752 | - | - | - | - |
| 41 | कन्नौज | 60702 | 59593 | 57615 | 57831 | 60370 | 64696 | 65514 | 64554 | - | - | - | - |
| 42 | कानपुर देहात | 60704 | 59593 | 57613 | 57837 | 60368 | 64697 | 65512 | 64557 | 71960 | 72713 | - | - |
| 43 | कानपुर नगर | 55304 | 54008 | 49756 | 50328 | 55576 | 61732 | 63200 | 63888 | - | - | 74352 | 78198 |
| 44 | कासगंज | 58620 | 62012 | 55228 | 61012 | 64012 | 74264 | 79268 | 80490 | - | - | 82892 | 81893 |
| 45 | कौशांबी | 61137 | 68229 | 65781 | 67032 | 72667 | 36728 | 38402 | 81313 | - | - | - | - |
| 46 | खेरी | 60276 | 62660 | 66100 | 66420 | 71988 | 80708 | 86340 | 86848 | 85373 | 85640 | 86857 | 86834 |
| 47 | कुशीनगर | 56820 | 59768 | 60168 | 62664 | 66904 | 73540 | 77620 | 77780 | 71296 | 71918 | 77732 | 79040 |
| 48 | ललितपुर | 37162 | 40161 | 40423 | 34421 | 38049 | 39417 | 37138 | 36769 | - | - | - | - |
| 49 | लखनऊ | 61330 | 62708 | 65913 | 65975 | 71355 | 78086 | 82161 | 82429 | - | - | - | - |
| 50 | महाराजगंज | 60732 | 61020 | 59756 | 60132 | 64196 | 65832 | 67800 | 67824 | 65725 | 66480 | 69544 | 70069 |
| 51 | महोबा | 37154 | 44669 | 40445 | 36685 | 42953 | 38332 | 39001 | 39770 | - | - | - | - |

| क्र.सं. | जिला | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | मैनपुरी | 45351 | 47993 | 42112 | 46704 | 53600 | 56685 | 54865 | 65803 | - | - | - | - |
| 53 | मथुरा | 45352 | 47991 | 42112 | 46704 | 53600 | 56685 | 54863 | 65805 | 61069 | 58824 | 61947 | 77547 |
| 54 | मऊ | 47868 | 51224 | 51804 | 52808 | 58172 | 60600 | 63400 | 64096 | 58261 | 61875 | 63369 | 71302 |
| 55 | मेरठ | 68080 | 71152 | 78492 | 79468 | 83228 | 95384 | 92712 | 91004 | 91176 | 91472 | 91495 | 91758 |
| 56 | मिर्जापुर | 54244 | 63753 | 65781 | 67032 | 72667 | 79245 | 80807 | 81313 | - | - | - | - |
| 57 | मुरादाबाद | 63476 | 64056 | 64536 | 64516 | 69568 | 78084 | 76380 | 77312 | 77530 | 77827 | 79873 | 79479 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 71416 | 72944 | 71876 | 75940 | 82856 | 86652 | 86408 | 90764 | 92323 | 93306 | 94887 | 95134 |
| 59 | पीलीभीत | 65660 | 59248 | 69440 | 64160 | 70125 | 81156 | 77368 | 77656 | 79919 | 80627 | 83004 | 80081 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 61137 | 68229 | 65781 | 67032 | 72667 | 36728 | 38402 | 81314 | - | - | - | - |
| 61 | प्रयागराज | 61136 | 68228 | 65780 | 67032 | 72667 | 36729 | 38402 | 81313 | - | - | - | - |
| 62 | रायबरेली | 51532 | 53212 | 54344 | 53708 | 56100 | 51536 | 58376 | 59596 | 64478 | 57286 | 62219 | 69686 |
| 63 | रामपुर | 58800 | 62384 | 62340 | 63180 | 69640 | 75032 | 79100 | 80320 | 80338 | 80799 | 80449 | 81279 |
| 64 | सहारनपुर | 62288 | 61800 | 65856 | 66748 | 70192 | 73236 | 77468 | 79648 | 82113 | 83463 | 84476 | 83741 |
| 65 | संभल | 59560 | 61532 | 63400 | 65076 | 71340 | 78380 | 78312 | 79380 | 80256 | 80954 | 83961 | 85776 |
| 66 | संत कबीर नगर | 60344 | 61564 | 62720 | 61264 | 65348 | 66072 | 69172 | 62056 | - | - | - | - |
| 67 | शाहजहांपुर | 61400 | 60908 | 67564 | 67124 | 74592 | 81132 | 80036 | 80052 | 78833 | 79125 | 80306 | 80672 |
| 68 | शामली | 71064 | 76632 | 78844 | 80776 | 84340 | 92924 | 96212 | 99064 | 100435 | 101419 | 102512 | 103363 |
| 69 | श्रावस्ती | 55353 | 54626 | 52858 | 55600 | 59305 | 68964 | 72508 | 73733 | - | - | - | - |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 60344 | 61564 | 62720 | 61264 | 65348 | 66072 | 69172 | 62056 | 66085 | 65844 | 68273 | 65507 |
| 71 | सीतापुर | 63164 | 64676 | 66620 | 66552 | 70928 | 75520 | 76544 | 76596 | 76767 | 77854 | 79390 | 80800 |
| 72 | सोनभद्र | 54243 | 63752 | 65781 | 67032 | 72663 | 79250 | 80805 | 81315 | - | - | - | - |
| 73 | सुल्तानपुर | 60744 | 54572 | 59248 | 54364 | 63468 | 63424 | 71772 | 67323 | 68457 | 25267 | 73251 | 73086 |
| 74 | उन्नाव | 61328 | 62707 | 65912 | 65977 | 71354 | 78088 | 82159 | 82427 | - | - | - | - |
| 75 | वाराणसी | 51544 | 60744 | 63240 | 63412 | 65948 | 66868 | 67096 | 50324 | 59908 | 66483 | 65737 | 71166 |

**अनुबंध II**

## पिछले पाँच वर्षों की मिल-वार, ज़िला-वार शेष गन्ना मूल्य जानकारी

### सीज़न 2024-25

**25.11.2025 तक** **(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | चीनी मिलों का नाम | जिलों के नाम | देय | अब तक | शेष | भुगतान प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गगनौली | सहारनपुर | 255.45 | 191.78 | 63.67 | 75.08 |
| 2 | टोडरपुर | सहारनपुर | 93.92 | 62.79 | 31.13 | 66.85 |
| 3 | बुढ़ाना | मुजफ्फरनगर | 455.05 | 427.77 | 27.28 | 94.01 |
| 4 | थानाभवन | शामली | 390.98 | 335.69 | 55.29 | 85.86 |
| 5 | ऊन | शामली | 303.77 | 284.51 | 19.26 | 93.66 |
| 6 | मोदीनगर | गाजियाबाद | 307.29 | 274.30 | 32.99 | 89.26 |
| 7 | सिंभावली | हापुड़ | 416.05 | 313.51 | 102.54 | 75.35 |
| 8 | बृजनाथपुर | हापुड़ | 155.43 | 109.12 | 46.31 | 70.21 |
| 9 | मलकपुर | बागपत | 470.64 | 293.16 | 177.48 | 62.29 |
| 10 | बेलाई | बिजनौर | 382.00 | 347.05 | 34.95 | 90.85 |
| 11 | बेलारी | मुरादाबाद | 164.21 | 137.85 | 26.36 | 83.95 |
| 12 | नवाबगंज | बरेली | 39.45 | 0.00 | 39.45 | 0.00 |
| 13 | बहेरी | बरेली | 218.14 | 63.79 | 154.35 | 29.24 |
| 14 | मकसूदापुर | शाहजहांपुर | 169.85 | 86.17 | 83.68 | 50.73 |
| 15 | बखेरा | पीलीभीत | 165.84 | 83.42 | 82.42 | 50.30 |
| 16 | बिसौली | बदायूं | 95.19 | 75.17 | 20.02 | 78.97 |
| 17 | न्योली | कासगंज | 55.71 | 39.06 | 16.65 | 70.11 |
| 18 | गोला | लखीमपुर | 506.82 | 358.53 | 148.29 | 70.74 |
| 19 | पलियाकलां | लखीमपुर | 327.20 | 203.60 | 123.60 | 62.22 |
| 20 | खंभारखेड़ा | लखीमपुर | 346.10 | 273.68 | 72.42 | 79.08 |
| 21 | इटाई मैदा | बलरामपुर | 115.60 | 79.13 | 36.47 | 68.45 |
| 22 | कुन्द्रखी | गोंडा | 273.55 | 174.13 | 99.42 | 63.66 |
| 23 | चिलवारिया | बहराइच | 94.53 | 0.00 | 94.53 | 0.00 |
| 24 | रुधौली | बस्ती | 104.70 | 75.89 | 28.81 | 72.48 |
| 25 | प्रतापपुर | देवरिया | 45.16 | 33.66 | 11.50 | 74.53 |
| 26 | सठियांव (सहकारिता) | आजमगढ़ | 129.57 | 129.38 | 0.19 | 99.85 |
| **कुल राज्य (उत्तर प्रदेश)** | | | **34947.85** | **33318.89** | **1628.96** | **95.34** |

### सीज़न 2023-24

**(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | चीनी मिलों का नाम | जिलों के नाम | देय | अब तक | शेष | भुगतान प्रतिशत (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नवाबगंज | बरेली | 107.12 | 88.48 | 18.64 | 82.60 |
| 2 | चिलवरिया | बहराइच | 133.08 | 124.65 | 8.43 | 93.67 |
| **कुल राज्य (उत्तर प्रदेश)** | | | **35908.33** | **35881.26** | **27.07** | **99.92** |

नोट: सत्र 2020-21, 2021-22 और 2022-23 का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

स्रोत: चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार।

*****